Regarding need to promote production of Jaggery (Gur) in Valmikinagar Parliamentary Constituency, Bihar- laid

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर) : सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर की और आकृष्ट करते हुए कहना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में कई चीनी मील है इसके करण यहाँ पर गन्ना किसानों की संख्या सर्वाधिक है । किन्तु कुछ वर्षों से चीनी मिलों के प्रबंधन एवं व्यवस्था में विफलता के कारण किसान गन्ना फसल का उत्पादन कम करते जा रहे हैं ।क्योकि चीनी मिल वाले गन्ना बाहर के जिले से पहले मंगाते हैं एंव लोकल किसानों का गन्ना बाद में लेते हैं जिस कारण किसानो में अब इस फसल का उत्पादन करने में रूचि नही रह गयी है I अतः मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि पूर्व की तरह गन्ना फसल के प्रति किसानों के आकर्षण को बनाए रखने के लिए लघु एवं कुटीर उद्योग के रूप में गुड उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है । इससे एक तरफ जहां गन्ना किसान का उत्साहवर्धन होगा वहीं दूसरी तरफ रोजगार के अवसर में भारी वृद्धि होगी ।